तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

14 अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नपा ...



14 पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का रखा व्रत...





## खबर संक्षेप

### बैटरी चोरी करने की कोशिश, लोगों ने पकड़ा

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को गांव के लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मामले में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रार्थी भूषणलाल ध्रुव निवासी ग्राम साल्हेभाठा ने पुलिस को बताया कि 24 मई की रात करीब 2 से 3 बजे के मध्य उठकर घर से बाहर गांव की गली की ओर गया। इस दौरान देखा कि गली में एक व्यक्ति वहां खड़े एक ट्रैक्टर से बैटरी को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद उसने पड़ोसी लिलेश्वर ध्रुव, संतोष ध्रुव व अन्य लोगों को उठाया और सभी के सहयोग से बैटरी चोरी करने का प्रयास कर रहे आरोपी को पकड़ा गया। जिसे डायल 112 पुलिस को बुलाकर थाना लेकर आए। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 303, 62 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विवाद करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नरसैयापल्लम के एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरतराम भोई ने बताया कि 25 मई की रात करीब 8 बजे उसके घर के सामने महिलाएं वाद विवाद कर रहीं थी। जिन्हें उसने झगड़ा करने से मना किया। इस पर गांव के तुलाराम भोई, आशाराम भोई एवं बलभद्र भोई ने वहां आकर तुम मना करने वाले कौन होते हो कहते हुए एकराय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट के करते हुए आरोपी आशाराम भोई एवं बलभद्र भोई मेरे दोनों हाथों को पकड़ लिया और आरोपी तुलाराम भोई ने धारदार नुकीली वस्तु से सिर में वार कर चोट पहुंचाया।

# अफसरों के घाट से हटते ही रात में मजदूरों की बजाय पोकलेन से रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लगातार

बरबसपुर में रेत खदान में रेत खननकर्ता प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। देर शाम तक अफसरों के दबिश देने के बाद आधी रात के बाद सुबह तक खदान में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। एक तरफ दिखावे के लिए शाम छः बजे के बाद बंद वाहनें निकालनी बंद कर दी जा रही है।

लेकिन, घाट के भीतर मजदूरों की बजाय मशीन से की जा रही लोडिंग के लिए घुसी वाहनों को निकाला नही जा रहा है। रात होते ही और मौके से अफसरों के हटते ही फिर से खुदाई शुरु हो जाती है। रात में आने वाले वाहनों को नदी के उस पार रोक दिया जा रहा है। और फिर सब कुछ सामान्य होने के बाद रात से लेकर सुबह तक मनमानी तरीके से उत्खनन कर प्रशासन की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सुबह सवेरे हुई कार्रवाई से स्पष्ट है कि अवैध उत्खनन रात भर हो रहा है। वहीं रॉयल्टी चोरी भी हो रही है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि पकड़ी गई वाहनों में पीट पास नही मिला।

## मंगलवार को खनिज अमले ने बिना पीट पास रेत से भरे दो ट्रक पकड़े, की कार्रवाई



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Raipur Mahasamund Bhoomi - 27 May 2025 - Page 1

जहां अवैध रेत भंडारित, वहां के जमीन मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### सुबह-सुबह अवैध परिवहन कर रही दो वाहनें पकड़ाई

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह-सुबह अवैध परिवहन करते हुए दो वाहनों को खनिज विभाग की टीम ने पकड़ा है। वाहनों में लोड उत्खनित रेत का पीट पास नही होने के कारण दोनों वाहनों पर कार्रवाई की गई है। वहीं खनिज विभाग ने संबंधित घाट के मालिकों को चेतावनी दी है कि बिना पिट पास के वाहनों को घाट से रवाना न किया जाए।

## विडंबना : बाजार बंद होने की न मुनादी कराई न नोटिस चस्पा किया

# भाजपाई शासन में गौ तस्करों पर अफसरों की दिख रही मेहरबानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अवैध रुप से संचालित बरोंडाबाजार मवेशी

- विवादित मवेशी बाजार का संचालन करने किया जा रहा प्रबंध

बाजार को गौतस्करी का अड्डा मानते हुए लगातार हिंदूवादी संगठन इसे बंद करने की मांग करते आ रहे हैं। मवेशी बाजार 7 व 14 मई को बंद रहा लेकिन, 21 मई को चोरी छिपे इसे पुनः शुरु कर दिया गया। आपत्ति के बाद बंद तो हुआ लेकिन, बीते सप्ताह भर में इसे बंद रखने संबंध में कोई पुख्ता आदेश प्रशासन द्वारा जारी नहीं किया गया। प्रशासनिक चुप्पी भाजपा शासनकाल में गौतस्करी जैसे संगीन मामलों में अफसरों की मेहरबानी को सामने ला रहा है। अंततः इस बुधवार याने आज फिर से प्रशासनिक मेहरबानी के चलते बाज़ार संचालित करने क्रेता विक्रेताओं से अंदरुनी तौर पर संपर्क किए जाने की बात सामने आई है। आज बाजार भरने पर इसका खुलासा हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि बुधवार को फिर से बाज़ार सजाने की तैयारी है। इधर, बाज़ार बंद रखने के लिए न तो किसी तरह की मुनादी कराई गई है, और न ही इस संबंध में कोई नोटिस चस्पा हुआ है।

मामले में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक का कहना है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई जारी है। मवेशी बाज़ार के संचालन पर रोक बरकरार है।



### गोसेवा आयोग अध्यक्ष से भी हुई है मांग

प्रवास पर पहुंचे राज्य गोसेवा आयोग अध्यक्ष बिसेसर पटेल से हिंदूवादी नेताओ द्वारा बरोंडा बाज़ार के मवेशी बाजार पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की जा चुकी है।

### विवादित है बाज़ार

बरोंडा बाज़ार का साप्ताहिक मवेशी बाजार विवादित है। हिंदू संगठनों की माने तो यहां किसान कम और गोवंश की तस्करी करने वाले अधिक सक्रिय हैं। हिंदू संगठनों के इसी विरोध के चलते कुछ पंचायत पदाधिकारियों ने हिंदू संगठन से जुड़े एक ग्रामीण को जमकर पिटाई कर अधमरा छोड़ दिया, ताकि दहशत बनाकर व्यवसाय जारी रखा जाए। मामले में पीड़ित ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

### स्थायी रूप से बाज़ार बंद करने की प्रबल मांग

हिंदू संगठनों ने पदयात्रा कर कलेक्टर से भेंट की और आवेदन सौंप कर मवेशी बाजार को स्थायी रूप से बंद करने की मांग की। बताया जाता है कि बाजार की रसीद की आड़ लेकर मवेशी आसानी से कत्लखाना भेजे जाते हैं। जिस पर कलेक्टर ने बाज़ार बंद रखने निर्देशित किया है।

# गांजा परिवहन के मामले में 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा परिवहन के मामले में आरोप

- विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने सुनाई सजा

दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने कुम्हारी थाना निवासी 23 वर्षीय घनश्याम यदु पिता इशोरी यदु को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।)(ग) के तहत 10 वर्ष की सश्रम कारावास तथा 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक वर्ष का पृथक से सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना को 11 अक्टूबर 2020 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के पिकअप 207 वाहन में दो व्यक्ति ओडिशा से छग की ओर मनोत्तेजक पदार्थ लेकर आ रहे है। सूचना पर एनएच 353 पर स्थित टेमरी नाका के पास पहुंचकर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई। उसी दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर एक सफेद टाटा डीआई 207 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 0844 आई जिसे रोका गया। वाहन में एक अपचारी बालक समेत चालक सीट पर घनश्याम यदु नामक व्यक्ति बैठा था। पूछताछ करने के साथ ही विधिक अधिकारों की जानकारी देकर वाहन की तलाशी ली गई। बोनट में इंजन के अगल-बगल खाली जगह पर 25 पैकेटों में लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसका वजन 25 किलो था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बेल्डीह पठार से एक आरोपी के कब्जे से पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस नेबताया कि आरोपी विक्की टंडन पिता बबलू टंडन (26 साल) बेल्डीह पठार के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा कल से

## कृषि वैज्ञानिक सहित 15 सदस्यीय टीम पंचायतों में लगाएंगे चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प यात्रा 29

- पहले दिन झालखम्हरिया, खट्टी, किशनपुर, टेका, गेर्रा एवं छिबर्रा क्लस्टर में पहुंचेगी यात्रा

मई से आरंभ होगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक में संबंधित विभाग को इसके प्रचार-प्रसार के लिए दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में विशेष रूप से मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 29 मई से 12 जून तक प्रत्येक दिन 3 टीमों द्वारा अलग-अलग विकासखंडों में दो-दो पालियों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। टीम में कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी सम्मिलित होंगे। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा।

विभागीय अफसरों ने बताया कि इसकी शुरुआत गुरुवार 29 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति झालखम्हरिया एवं खट्टी से होगा। जिसके सफल संचालन के लिए मनीराम उइके वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों पालियों में 7-7 ग्राम पंचायत के कृषक सम्मिलित होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत प्रथम पाली में सहकारी समिति किशनपुर एवं द्वितीय पाली में टेका में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

जिसमें क्रमशः 9 एवं 7 ग्राम पंचायत शामिल होंगे। अभियान के संचालन के लिए रोहित कुमार बरिहा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह सरायपाली विकासखंड अंतर्गत प्रथम पाली में क्लस्टर ग्राम पंचायत गेर्रा मिडिल स्कूल एवं द्वितीय पाली में छिबर्रा पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्रमशः 2 एवं 4 ग्राम पंचायत शामिल होंगे। इसके लिए बीएल मिर्धा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### पंजीकृत श्रमिकों को डीबीटी से मिलेगा योजना लाभ, आधार लिंकिंग अनिवार्य

**महासमुंद।** छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली (डीबीटी) के माध्यम से 17 सितंबर 2024 से प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिल सकेगा जिनका बैंक खाता आधार से लिंक होगा। वर्तमान में कई पंजीकृत श्रमिकों का आधार एवं बैंक खाता विवरण श्रमिक पंजीयन कार्ड में उपलब्ध नहीं है अथवा उनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, जिससे डीबीटी में बाधा उत्पन्न हो रही है। श्रम विभाग ने ऐसे श्रमिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं। यदि किसी कारणवश श्रमिक स्वयं का खाता लिंक नहीं करा पा रहे हैं, तो उनके आश्रित जैसे पिता, पति, पत्नी, पुत्र या पुत्री के बैंक खाते को आधार से लिंक कराना अनिवार्य होगा। श्रमिकों की सुविधा के लिए जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी।

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए लाभान्वित करना है। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 32 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बागबाहरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री बीमा योजना अंतर्गत राशि की स्वीकृति के लिए कई



एजेंटों द्वारा किसानों से अवैध रूप से राशि वसूल करने की शिकायत मिलने पर तत्काल अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा से संपर्क करने कहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजना के तहत किसी भी कार्य के लिए निर्धारित शुल्क के अलावा अन्य किसी भी तरह की शुल्क की वसूली मान्य नहीं है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अंचल के किसानों से भी कहा है कि शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कार्यालय में सूचना दें।

जन चौपाल के दौरान ग्राम बेलसोंडा के निवासियों ने ग्राम में नशे के अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में संलग्न लोगों पर तत्परता से कार्रवाई करें। इसके अतिरिक्त ग्राम कनेकेरा ऐनिकट पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। वहीं हीरमोहन लाल साहू ने विकलांग पेंशन की पात्रता के आधार पर सहायता राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया।

इसी प्रकार दिनेश प्रताप सिंह ने बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिलने वाली राशि दिलवाने के संबंध में निवेदन किया। इसके अलावा जन चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की स्वीकृति, वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने, पूर्व में किए गए कार्यों का लंबित भुगतान, अवैध भूमि कब्जा हटवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, तथा राशन कार्ड संबंधी समस्याएं के आवेदन प्रस्तुत किए। इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच करें और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

## खल्लारी विस के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने प्रेसवार्ता में किया मामले का खुलासा

# किसानों से फसल बीमा राशि में भाजपाई मांग रहे कमीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने पत्रकार वार्ता लेकर एक बार फिर बागबाहरा तहसील में कुछ चिन्हांकित गांवों में किसानों के खातों में आई फसल बीमा की राशि और उसमें भाजपाईयों द्वारा की जा रही कमीशनखोरी के मामले में अहम खुलासा किया।

अंकित बागबाहरा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि एक किसान ने उन्हें शपथ पत्र दिया है और बताया कि अमुक-अमुक व्यक्ति फसल बीमा की राशि आने के बाद उनसे 20-25 प्रतिशत तक की कमीशन राशि की मांग की है। नाम सामने आने के बाद संबंधितों ने भी इस बात को स्वीकार करते हुए 11 करोड़ रुपए की फसल बीमा की राशि में तकरीबन 2 करोड़ रुपए की वसूली किए जाने की बात को एक और प्रत्यक्ष प्रमाण के तौर पर पेश किया। अंकित ने कहा कि सालडबरी के किसान लिखित में इस बात को प्रशासन को कह रहे हैं और विभाग के लोगों की दलालों से संलिप्तता के चलते इसे कोरी अफवाह बताया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि अगर कोई कमीशनखोरी नही हो रही तो विभाग इस संबंध में माह भर के भीतर कोई मुनादी या किसानों के लिए दिशानिर्देश जारी कर किसानों के हित में कोई कार्य नही किया। अंकित ने कहा कि अब तक किए गए खुलासे में उनके द्वारा फसल बीमा के संबंध में



भाजपाईयों, विभाग और बीमा कंपनी के अफसरों की लिप्तता की बात कही थी। लेकिन, कहीं किसी का नाम नही लिया गया। लेकिन, एक मुहावरे '...दाढ़ी में तिनका' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हितेश चंद्राकर नामक कथित भाजपाई द्वारा कुछ दिनों पहले लोगों को बरगलाकर एनएच में घंटों अघोषित चक्काजाम कर आपराधिक आचरण प्रदर्शित करते हुए उनके अस्थाई निवास के सामने माता-पिता और उन्हें खुलेआम माईक लगाकर गालीगलौच की। और तो और प्रशासनिक महिला अफसर के सामने भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया जिसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को पूरे फुटेज उपलब्ध कराए गए हैं। जिस पर पुलिस द्वारा सत्ता पक्ष के दबाव में अब तक कोई कार्रवाई नही की गई है।

### सुपारी किलिंग कराना चाहती है पुलिस

अंकित बागबाहरा ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे भाजपा की सत्ता आने के बाद से लगातार पुलिस और आपराधिक मामलों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ बतौर जनप्रतिनिधि मुखर रहे हैं। उनके आवेदनों पर एफआईआर तो दूर अब तक कोई जांच संस्थित नहीं की गई है। अंकित ने स्वयं की जान को खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस सत्ता पक्ष के लोगों के साथ मिलकर उनकी सुपारी किलिंग कराना चाहती है।

### एसीबी ने दिया जांच का आश्वासन

अंकित ने बताया कि एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) में की गई शिकायत में जांच अधिकारी नियुक्त करने आश्वस्त किया गया है वहीं फसल बीमा कंपनी के दिल्ली स्तर के उच्चाधिकारियों तक शिकायत की गई है। उन्होंनें कहा है कि पुलिस कार्वाई नही करती है तो वे गांधीवादी तरीके से आंदोलन की राह और न्यायालय की शरण में जाएंगे।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, एक्टिवा में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना के सामने एक कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं इस ट्रक के अचानक रूकने से पीछे आ रहे एक्टिवा में सवार दो लोग टकराकर घायल हो गए। पुलिस को प्रार्थी हृदयराम नायक निवासी चारभांठा ने बताया कि 26 मई को लगभग 5 बजे वह अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीवाय 5984 से अपने साथी नित्यानंद कंद के साथ सरायपाली से घाटकछार जा रहा था। एनएच 53 रोड थाना सिंघोडा के सामने मे पीछे से ट्रक क्रमांक आरजे 39 जीबी 2503 के चालक अपने ट्रक को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर कार के बांये साईड में ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया है, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान होंडो एक्टिवा ओडी 17 एन 4502 ट्रक के पीछे से टकरा गए। जिससे एक्टिवा चालक पुष्पक कुमार रथ को नाक, आंख, माथे एवं पैर में एवं रघुमणि भोए के दाहिने हाथ, गाल, नाक, सिर व दाहिने पैर के घुटने में चोट लगी है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवती के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने की धोखाधड़ी

**महासमुंद।** नगर की एक युवती के बैंक अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर रकम आहरण किए जाने के मामले में कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया वामिनी सिंह गौर निवासी वार्ड नं. 10 ने एफआईआर में बताया कि साल 2022 से उसका खाता भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद में संचालित है, जिसमें उसने अपना यूपीआई आईडी बनाया हुआ है। दिनांक 10/08/2024 से 15/02/2025 तक किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अलग-अलग यूपीआई के माध्यम से धोखाधडी पूर्वक से उसके बैंक खाते से लेनदेन किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अब तक उसके खाते से लगभग 55 हजार रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामले अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप



### छग झेरिया यादव समाज की आमसभा 29 जून को रायगढ़ में

**रायपुर।** सामाजिक भवन में सोमवार को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 29 जून को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का आमसभा रायगढ़ में होगी। साथ ही समाज के संगठन 5066 के समानांतर संगठन के साथ बैठक करने वाले सदस्य-पदाधिकारियों कर उनके विरुद्ध आमसभा में निंदा पारित किया जाने का निर्णय लिया गया है। समाज के निर्णय नहीं मानने वाली समिति का संबद्धता समाप्त की जाएगी। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के पंजीयन उपयोग करने वाले तहसील ब्लाक परिक्षेत्र समिति प्रतिवर्ष संबद्धता और 10% राशि प्रदेश समिति को संबद्धता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने की। बैठक में जगतराम यादव, सुकालूराम यदु, आरडी यादव, भगत सिंह यादव, सुंदरलाल यादव, जीआर यादव, राजू यादव, रामलाल यादव, ठाकुरराम यादव, हेमकांत यादव, पंचराम यादव, रिखीराम यादव, त्रिभुवन यादव, पीतांबर यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी को पेंशनर्स की समस्याओं से अवगत कराएंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अवगत कराने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा ने बताया कि फोरम की बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय, शंकर नगर में रखी गई। प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। **इन समस्याओं पर चर्चा :** महंगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्यप्रदेश से सहमति लेने की बाध्यता को समाप्त की जाए। महंगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केंद्र सरकार के समान किया जाए। प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि पर समस्त स्वत्वों का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। पेंशनरों को उपचार के लिए कैशलेस सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए।

### बंगाली कालीबाड़ी समिति का समर कैम्प शुरू

**रायपुर।** कालीबाड़ी चौक, बंगाली कालीबाड़ी परिसर में समिति द्वारा समर कैम्प का आयोजन 26 मई से किया जा रहा है, जो एक माह तक चलेगा। इसका समय शाम 6 से 8 बजे तक रखा गया है। कैम्प में बांग्ला लिखना, पढ़ना, बोलना, बांग्ला गीत-संगीत, नृत्य, कविता पाठ, एंकरिंग, बांग्ला साड़ी रेपिंग के अलावा और भी कई प्रकार की कलाओं से सभी का परिचय कराया जाएगा। इस समर कैम्प को महुआ मजूमदार एवं उनकी टीम द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

# राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के स्काउट-गाइड को किया सम्मानित

## राज्यपाल ने पर्यावरण व प्रकृति को बचाने किया प्रेरित, महासमुंद जिले के 108 स्काउट, गाइड को मिला राज्यपाल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स अलंकरण समहारोह राजभवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका रहे। उन्होंने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउर, गाइडर, रोवर, रेंजर और स्काउट गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। महासमुंद जिले के 49 स्काउट, 55 गाइड, 4 रोवर कुल 108 स्काउट, गाइड, रोवर को राज्यपाल अलंकरण समारोह से सम्मानित किया।

जिला से स्काउट गाइड के प्रभारी के रूप में जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे एवं राज्य की ओर से डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर एवं गिरीश पाढ़ी राजभवन में उपस्थित हुए। राज्यपाल रमेन डेका ने स्काउट गाइड को संबांधित करते हुए कहा कि इस जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जवाबदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों और परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट्स



एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य तैयार रहो केवल एक नारा नहीं बल्कि एक जीवन पद्धति है, जो सेवा अनुशासन और जिम्मेदारी के मुल्यों को साकार करता है। स्काउटिंग युवाओं को अच्छे नागरिक आत्मनिर्भर और समाजोपयोगी व्यक्ति बनने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। असफलता मिलने पर भी पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि अनुभव से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के स्काउट्स गाइड्स रोवर्स और रेंजर्स के द्वारा आपदा प्रबंधन, पर्यावरण व जल संरक्षण, वृक्षारोपण साइबर अपराध जागरूकता और जातीय भेदभाव जैसे विषयों पर समाज में जागरुकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रोवर रेंजर इकाईयों के पंजीयन और दल गठन पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल और राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव को बधाई दी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण राज्य मुख्या आयुक्त डा. सोमनाथ यादव एवं आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डा. सीआर प्रसन्ना, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्वार्थ कोमल परदेशी सहित स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

महासमुंद जिला से 108 स्काउट, गाइड, रोवर को राज्य अलंकरण समारोह से नवाजे जाने पर जिला संघ के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। इसमें जिला मुख्य आयुक्त एवं छग बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास, सौरिन चंद्रसेन, सुधा साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस, मुख्यालय आयुक्त नंदकिशोर सिन्हा, रामकुमार साहू, अंजलि बरमाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष साहू, लीलिमा साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीओसी लीनू चंद्राकर, अवधेश विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र नायक, सहसचिव राजीव तिवारी, संयुक्त सचिव अर्चना तिवारी, गिरीश पाढ़ी, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, पूर्व डीओसी कमल लूनिया, सुरेंद्र मानिकपुरी, सुशील शर्मा, मधु तिवारी, पंकज हरपाल, कौशलेंद्र वैष्णव, पूर्णानंद मिश्रा, रोवर लीडर योगेश्वर डड़सेना, ब्लाक सचिव लता वैष्णव, शेषनारायण साहू, झनेश साहू, विवेकानंद दास, यशवंत चैधरी, रामकुमार नायक, लेखराम साहू, चंद्रकांता ठाकुरी, पुरी हरपाल, कुसुम कोटक, राधेश्याम चौधरी, दिलीप निषाद, गिरिश गजेंद्र, हिरेंद्र साहू, रूपा पांडेय आदि ने हर्ष जताया है।

# स्काउट-गाइड रोवर रेंजरों को किया राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ संघ का राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों से राज्यभर से चयनित स्काउट गाइड रोवर रेंजरों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं जिले से गाइड धारणा साहू, स्काउट लीलेश साहू, रोवर मनीष प्रधान को सत्र 2023- 24 के राज्यपाल पुरस्कार का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव प्रमोद कुमार कनौजे के नेतृत्व में समारोह में शामिल हुए। समारोह में भारत स्काउटस गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य सचिव कैलाश सोनी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

भारत स्काउट्स से स्थानीय संघ के शिवाजी ओपन रोवर क्रू से पंजीकृत रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रशिक्षण द्वारा रोवर मनीष प्रधान को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहे। ज्ञात हो कि सुरेन्द्र प्रधान के कुशल मार्गदर्शन में पांच रोवर को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हो चुका है,जो काफ़ी खुशी एवं गौरव का विषय है। सम्मानित होने पर स्थानीय संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, तारेश्वरी नायक, अजय कुमार अग्रवाल, सीता पटेल, पुष्पलता चौहान, अब्दुल लखानी, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि सेवाशंकर अग्रवाल, ज्योति रानी पटेल, खेमराज पटेल, बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, एबीईओ एवं डीएन दीवान, पूर्व संरक्षक सदस्य प्रदीप गुप्ता, अवधेश अग्रवाल, अमृतलाल पटेल, महेंद्र बाघ, जनाब खान, पुरुषोत्तम अग्रवाल, शिव अग्रवाल, सीएल पुहुप, गीता तिवारी, सचिव यशवंत कुमार चौधरी, कैलाशचंद्र पटेल, विलासा बाघ, गणेश चौहान, हेमंत चौधरी एवं राधेश्याम चौधरी, अनिल पटेल, विजय पटेल, किशोर पटेल, पुष्पांजलि चौधरी, सविता साहू, नंदिनी विश्वकर्मा, स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना, अजय कुमार ने हर्ष जताया है।

### अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण का प्रतीकः अलका

**महासमुंद।** भाजपा झलप पटेवा मंडल में लोकमाता पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोकमाता अहिल्या बाई होलकर के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्त प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर थी। इस अवसर पर अलका ने कहा कि राष्ट्र और धर्म के लिए समर्पित भारतीय संस्कृति और वीरता की प्रतिमान सशक्त भारतीय नारी का पर्याय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 जयंती पर हम उन्हें सादर नमन करते हैं। अहिल्याबाई होलकर का शासन काल इतिहास के पन्नों में छिपा एक ऐसा प्रेरणादाई अध्याय है, जिसका प्रत्येक खंड देश को महान बनाने की शिक्षा देता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सरपंच राकेश साहू, धर्मदास साहू, धर्म पटेल, धर्मेश श्रीवास्तव, खेमराज बघेल, कमल कौशिक, डॉक्टर डॉ डोमन यादव, लक्ष्मी पटेल, पोतदार सोनवानी, बली पटेल, सुनील निषाद, वीर सिंह निषाद, संतोष सुरेश प्रधान, पुरण मारकंडे, प्रवीण साहू, आशीष रंजन गुप्ता, जगमोहन ठाकुर, सतीश यादव सहित कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।



### भाजपा के वरिष्ठ नेता अमृत साहू की पुण्यतिथि मनाई



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. अमृत साहू की 19वीं पुण्यतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष के कक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नानू भाई, पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, पूर्व पार्षदगण मनीष शर्मा, सोनाधर सोनवानी, डमरूधर मांझी, भाजपा नेता हनीष बग्गा, नईम खान, शरद मराठा, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी ने स्व. अमृत साहू के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि स्व. अमृत साहू जनसंघ के समय के नेता थे। भाजपा संगठन की नींव रहे है। वे दो बार विधानसभा चुनाव लड़े। कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के समय वे मीसाबंदी रहे। जब पार्टी का आधार नही था, उस समय वे पार्टी को मजबूती प्रदान किए है। वरिष्ठ पार्षद नानू भाई स्मरण करते हुए कहा स्व अमृत साहू का जीवन भाजपा पार्टी व जनहित के लिए समर्पित रहा है।

# पुण्यतिथि पर रमाबाई भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला इकाई महासमुंद एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई महासमुंद व अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ, सर्व अजा समाज, समता सैनिक दल ने सयुंक्त रूप से बौद्ध बिहार में 27 मई को माता रमाबाई भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई। रमाबाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शालिनी गायगौरे ने बताया कि साधनविहीन के साथ समाज में असमानता के दौर में अपनी निजी आवश्यकता को दरकिनार कर बाबा साहब को साथ दिया। ताकि, उनके शिक्षा और वंचित समाज के लिए संघर्ष करने में कोई परेशानी न हो, इसका ध्यान रखते हुए बाबा साहब के कंधे से कंधा मिला कर साथ दिया। इस बीच उनके अपने बच्चों को भी खोना पड़ा।

ऐसे महान समाज सेविका माता रमाबाई के सहयोग से ही बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने कार्य को पूर्ण करने में सफल हुए हैं। ऐसे कर्मठ ममतामयी माता को हम सभी शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर अजाक्स जिला संघ की ओर से कमलेश ध्रुव जिलाध्यक्ष अजाक्स, एचआर बघेल समता सैनिक दल, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव अजाक्स, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष शासकीय अजजा सेवक विकास संघ, पीजी बंसोड संरक्षक बौद्ध महासभा, टोमन सिंह कागजी ब्लाक अध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अजाक्स, बीपी मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी, प्रो जेपी खटकर, विवेक महिलांग व भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद से शालिनी गायगौरे, राजेश भालेराव, हंसराज मेश्राम, रतन कामड़े, देवा बंसोड़ आदि मौजूद रहे। यह जानकारी अजाक्स जिला संघ के जिला सचिव तुलेंद्र सागर ने दी है।



### रश्मि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**महासमुंद।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त किए अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि ब्रिजेन बंजारे रही। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया। बाद उन्होंने अभ्यर्थियों में प्रमाणपत्र का वितरण किया। अभ्यर्थियों ने जो व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह तभी सफल होगा जब वे स्वरोजगार के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर एकता तिवारी, निशा यादव, चंद्रकिरण गोस्वामी, अमित साहू, संदीप डडसेना मौजूद रहे।

# युक्तयुक्तिकरण के विरोध में शिक्षक, करेंगे मंत्रालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक संगठनों का कहना है कि सरकार द्वारा युक्त युक्तिकरण के नाम पर एक बार फिर शिक्षा के अधिकार अधिनियम से छेड़छाड़ की जा रही है। सेटअप 2008 का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे सभी 23 शिक्षक संगठनों में आक्रोश पनप रहा है। अब 28 मई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक तूता धरनास्थल में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद रैली की शक्ल में शिक्षक मंत्रालय का घेराव करने निकलेंगे।

- सभी 23 संगठनों के शिक्षकों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

नवा रायपुर में होने वाले विरोध-प्रदर्शन को लेकर सोमवार को 23 शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों ने मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में संयुक्त



रूप से पत्रकारवार्ता ली। इसमें केदार जैन, मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे ने बताया कि पिछले सत्र में भी सेटअप से छेड़छाड़ का प्रयास किया हुआ था। इसे देखते हुए विरोध के बाद युक्त युक्तिकरण को स्थगित किया गया था। उस समय तय किया गया था कि जब स्कूलों में युक्त युक्तिकरण किया जाएगा, तब सभी शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक बुलाकर सहमति बनाने के बाद ही सेटअप को लागू किया जाएगा। इसके बाद भी बिना सहमति बनाए गर्मी की छुट्टी में ही इसे लागू करने का प्रयास किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में किसानों ने अब तक उठाई 20% खाद कृषि मंत्री नेताम ने कहा- बीज की भी कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय प्री-मानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही राज्यभर में खेती-किसानी की गतिविधियां तेज हो रही हैं। यह सीजन आते ही सबसे पहले रासायनिक खाद और बीज की मांग तेज होने के साथ इसकी कमी की शिकायतें भी सामने आने लगती हैं। इसी बीच कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध अब तक 8 लाख 48 हजार 604 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण तथा एक लाख 68 हजार 255 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि भण्डारण की मात्रा का 20 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 47 हजार क्विंटल से अधिक बीज का वितरण किया गया है।

कृषि मंत्री ने यह बात सोमवार को बीज निगम कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। इससे पहले उन्होंने एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्य के 28 जिलों को नवीन बोलेरो वाहन की सौगात देने की साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन वाहनों का उपयोग विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का फील्ड में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही किसान हितैषी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

*इतना है खाद का भंडार : मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य में मार्कफेड के डबल लॉक, सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर वर्तमान में कुल 3 लाख 90 हजार 840 मीट्रिक टन यूरिया, 86,046 मीट्रिक टन डीएपी, 1,14,539 मीट्रिक टन एनपीके, 67,640 मीट्रिक टन पोटाश तथा 1,89,539 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट उपलब्ध है। किसानों को समितियों और निजी क्षेत्रों के माध्यम से खाद का वितरण लगातार किया जा रहा है। अब तक किसानों को 84,661 मीट्रिक टन यूरिया, 27,045 मीट्रिक टन डीएपी, 18,809 मीट्रिक टन एनपीके, 10,359 मीट्रिक टन पोटाश तथा 27,381 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न प्रकार की 6,80,350 मीट्रिक टन रासायनिक खाद राज्य में किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है।*

- कृषि मंत्री रामविचार नेताम की मीडिया से चर्चा



*बीज की भी कमी नहीं : मंत्री श्री नेताम ने बताया कि खरीफ सीजन की विभिन्न फसलों के लिए 4 लाख 95 हजार 57 क्विंटल बीज की डिमांड को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा 4 लाख 29 हजार 535 क्विंटल बीज की उपलब्धता है। समितियों में 2 लाख 31 हजार क्विंटल से अधिक बीज का भण्डारण है। समितियों के माध्यम से किसानों को अब तक 47 हजार 881 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है।*

### किसान जागरूकता के लिए होगा काम

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका लाभ किसानों को मिले, इसके लिए किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनको इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक करने का काम विशेष रूप से किया जाएगा। किसान जागरूकता शिविरों में इस वाहन के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचेगी और किसानों को उन्नत तकनीक एवं आधुनिक खेती की जानकारी देगी। जिलों को वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित होने से विभागीय कामकाज में तेजी आएगी।

# व्यापम ने रोका राज्य पात्रता परीक्षा का रिजल्ट, अधर में फंसे अभ्यर्थी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थी पिछले 11 महीने से परीक्षा देने के बाद रिजल्ट के इंतजार में हैं। व्यापम की अनदेखी से अभ्यर्थी भ्रम का शिकार हो रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा नियंत्रक से रिजल्ट को लेकर जब सवाल किया जाता है तो हमें धमकाते हुए कहा जाता है कि जितनी देर मुझसे सवाल करेंगे, रिजल्ट में उतना ही विलंब किया जाएगा। इसकी शिकायत अब सीएम विष्णु देव साय सहित सभी जिम्मेदारों से की जाएगी। राजधानी के मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोमवार को अभ्यर्थियों ने पत्रकारवार्ता में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इससे परीक्षा देने वाले एक लाख 35 हजार अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी नम्रता सिंह, क्षमता सिंह व भावेश चंद्राकर ने बताया कि इस अन्याय के खिलाफ हरसंभव प्रयास किया गया। व्यापम कार्यालय में बार-बार ज्ञापन सौंपा, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को निवेदन पत्र भेजा, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी दिया गया। इसके बाद कहीं से भी स्पष्ट उत्तर नहीं मिला। छग पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित होने से भी सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र में न केवल गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति संभव होगी, बल्कि सहायक प्राध्यापक की नियमित भर्ती में भी अवसर मिलेगा। इसे देखते हुए अब हम मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों से मिलेंगे।

- छत्तीसगढ़ नेट, सेट, पीएचडी अभ्यर्थी संघ ने लगाई गुहार

# गैस पाइपलाइन बिछाने में लापरवाही, बारिश के समय दोबारा खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के आरंग क्षेत्र में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य करीब सालभर पहले किया गया। इसके लिए कई किसानों की जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसका अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। एक ओर जहां किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है, वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पाइपलाइन ठीक से बिछाए नहीं जाने के कारण अब दोबारा खेतों की खुदाई की जा रही



है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश के सीजन में खेत में गड्ढे किए जा रहे हैं, वहीं खुदाई के बाद मिट्टी को भी खेत में डंप कर दिया है, जिसके कारण न केवल उन्हें खेती करने में दिक्कत होगी, बल्कि डंप मिट्टी हटवाने का खर्च भी उन्हें ही वहन करना होगा। केंद्र सरकार ने घर-घर पाइपलाइन कनेक्शन के माध्यम से गैस पहुंचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत नई योजना तैयार की है। इसके तहत गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा गैस कनेक्शन के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक क्षेत्र में भी सालभर पहले शुरू हो चुका है। आरंग के कई गांवों में पाइपलाइन बिछा दी गई है।

# छत्तीसगढ़ भाजयुमो में 'अंडर 35' को ही मिलेंगे पद, नहीं चलेंगे ओवरएज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन में अगले माह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी तो इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष की भी नियुक्ति होगी। इसके बाद जहां भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी बनेगी, वहीं जिलों में भी भाजयुमो के अध्यक्ष तय होंगे।

इस बार तय है कि संगठन चुनाव में जिस तरह से मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल के उम्र की बाध्यता थी, उसी तरह से भाजयुमो अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के लिए अंडर 35 साल की बाध्यता रहेगी। पिछली बार प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी में ओवरएज को पदाधिकारी बनाने के कारण बड़ा विवाद हुआ था। ओवरएज को बाहर करने की भी तैयारी थी, लेकिन ऐन समय पर भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के बदले जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। बीते साल सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव हुए तो इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी हाल में मंडलों के अध्यक्षों की उम्र 45 साल से ज्यादा न हो। कुछ स्थानों पर तो जिनके नाम का समर्थन भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया था, उनकी उम्र ज्यादा होने के कारण उनको भी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। इससे साफ है कि भाजपा इस बार कितनी गंभीर है। इसी तरह से जिलाध्यक्षों को लेकर भी 60 साल की उम्र सीमा का ध्यान रखा गया।

### अंडर 35 ही बनेंगे पदाधिकारी

यह बात तय है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष की कमान जिनको दी जाएगी, उनकी उम्र 35 साल से अंदर ही होगी। पिछली बार भी पहले अमित साहू को अंडर 35 होने के कारण अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद हुआ। भाजपा के दिग्गज नेताओं के कहने पर कार्यकारिणी में कुछ ओवरएज नेताओं को पद दे दिए गए, लेकिन इसकी शिकायत उस समय की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गई तो उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के साथ पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों की कुंडली भी बनवा ली। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ कुछ जिलों के अध्यक्षों को भी बाहर करने की तैयारी हो गई थी, लेकिन डी. पुरंदेश्वरी के प्रदेश प्रभारी के पद से हटने के बाद अंततः यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछली बार के विवाद को देखते हुए इस बार प्रदेश संगठन ने पूरी सावधानी रखने का फैसला किया है।

दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
• कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
• कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
• मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज
• नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
• चक्कर आना
• टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
• खर्राटों का इलाज़
• नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
• नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
• आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
• थाइरोइड की समस्या का इलाज़
• नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
► सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा

डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया पानी टंकी का लोकार्पण

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने आम्रपाली सहकारी गृह निर्माण सोसायटी में संस्था के सदस्यों के साथ नवनिर्मित पानी टंकी का लोकार्पण किया। संस्था के सदस्यों द्वारा 40 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आईएन सिंह ने की। इस मौके विशेष अतिथि एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, एनआरके चंद्रवंशी और जोन-10 अध्यक्ष सचिन मेघानी उपस्थित रहे। आम्रपाली सोसायटी में चार दशक पूर्व बनी पुरानी पानी टंकी की जर्जर अवस्था के संभावित खतरे को ध्यान में रखकर तथा पेयजल की सुगम व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि सदस्यों के सामूहिक प्रयास से हमने विकास कार्यों के संकल्प को पूरा किया है।

### जब्बार नाला सफाई अभियान का किया निरीक्षण

रायपुर। निगम आयुक्त विश्वदीप ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्षेत्र में स्थित जब्बार नाला की बारिश पूर्व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी से चर्चा की। आयुक्त ने जोन कमिश्नर संतोष पांडे को जब्बार नाला क्षेत्र में संकरी पुलिया को आवश्यकता के अनुरूप चौड़ा करने और गंदे पानी की निकासी कराने के निर्देश दिए। साथ ही जोन से प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा।

### देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर व्याख्यान

**रायपुर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के परिप्रेक्ष्य में जोन-1 के खमतराई स्थित कार्यालय के समीप व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान रहवासियों ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन प्रसंगों पर आधारित पहलुओं की जानकारी दी। जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी और कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, गजाराम कंवर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम रखा गया।

**सुविधा:** दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के भीतर होगा उपचार

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा डेढ़ लाख तक का कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कलेक्टर लंगेह ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की ली समीक्षा



केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.50 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और प्रभावी चिकित्सा सहायता मिल सके, ताकि उनकी जान बचाई जा सके और इलाज के खर्च की चिंता किए बिना उन्हें उचित उपचार प्राप्त हो सरकार द्वारा योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के भीतर नामित अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध होगा। सड़क दुर्घटना में घायल कोई भी व्यक्ति, चाहे वह भारतीय नागरिक हो या विदेशी, इस योजना का लाभ उठा सकता है। सरकार द्वारा नामित सरकारी और निजी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

बैठक में कलेक्टर ने योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा और अस्पतालों को तुरंत सूचित किया जाएगा तथा नामित अस्पतालों को पीड़ितों का बिना विलंब के उपचार प्रारंभ करना होगा। दुर्घटना के दौरान तत्काल सहायता के लिए जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव (मो 81203-60999), पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर सकते है। जल्दी ही इस संबंध में संपर्क नंबर जारी किया जाएगा। कलेक्टर ने इसके लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और बीमा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के दौरान समय पर उपचार मिलना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को योजना की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

# व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर जनसेवा को दी प्राथमिकता:सांसद

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

मराठा साम्राज्य की महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई। ग्राम कुटेला में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

श्रीमति चौधरी ने अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर जनसेवा को प्राथमिकता दी। साथ ही अहिल्याबाई के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटे के लिए सारथी बनने का जिक्र किया। मंदिर निर्माण और बावड़ियां खुदवाने के कार्यों का उल्लेख किया। गरीबों को भोजन कराने जैसे सामाजिक कार्यों की चर्चा भी की। इंदौर से काशी तक धार्मिक स्थलों के निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग और सेवा का प्रतीक था। उनकी न्याय प्रणाली आज भी मिसाल के रूप में दी जाती है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनके सम्मान के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भी विकास कार्य किए। उन्होंने भारत भर में मंदिर, घाट, कुएं और बावड़ियों का निर्माण करवाया। भूखों के लिए अन्न और प्यासों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। कार्यक्रम में भाजपा के राजेंद्र विपिन उपोवेजा,धनेश नायक, चन्द्र कुमार पटेल, गुंजन अग्रवाल, मनोज दास, प्रमोद सागर, मुरली नायक, प्रकाश पटेल, कुमारी भास्कर, पुष्प लता चौहान, सीता सतपथी आदि मौजूद रहे।

# पटेवा में गौवंशों का प्यास बुझाने 10 जगह कोटना की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गौ सेवा में एक नेक और प्रेरणादायक पहल पटेवा गांव के जागरूक नागरिकों द्वारा की गई है। गौ माता की प्यास बुझाने के लिए गांव में 10 नग पानी भरने के लिए सीमेंट के कोटने (पात्र) उपलब्ध कराते हुए चिन्हांकित स्थानों पर रखा गया है। इन पात्रों का देखरेख और गायों को पानी और उचित चारे की उपलब्धता हो, इसके लिए सेवाभावी युवाओं द्वारा नियमित देखरेख भी किया जाएगा। भविष्य में इस सेवा का विस्तार जनसहयोग से करने की योजना और दृढ़ इच्छा सेवाभावी लोगों द्वारा व्यक्त किया गया। इस पुनीत कार्य में विशेष योगदान रहा है क्षेत्र के आदर्श सेवाभावी डॉ. सोमनाथ सिन्हा, जिनके सहयोग एवं प्रेरणा से यह कार्य संभव हो सका। साथ ही समीरचंद्र प्रधान प्राचार्य सेजेस पटेवा का भी मार्गदर्शन व सहयोग सराहनीय रहा है। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में तरुण पाटकर, किसन अग्रवाल, प्रीतम पटेल, लीलाधर नायक, शेखर देवांगन, त्रिलोकी साहू, हेमलाल यादव जैसे समर्पित व्यक्तित्वों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

## भाजपाइयों ने सोनई रूपई मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद के अध्यक्ष दिग्विजय साहू के नेतृत्व में 26 मई 2025 सोमवार को प्रातः 07 बजे सोनई रूपई मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ माखन सिन्हा महामंत्री, साजन यादव महामंत्री, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, पुष्पा बाई ध्रुव जनपद सदस्य, अनीता मोती मेहरा सरपंच खट्टी, मिथिलेश सिन्हा सरपंच परसदा, मेघराज चंद्रसेन मंत्री, प्रेम साहू मंत्री, रमेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीकांत शर्मा मीडिया प्रभारी, टीकम देवांगन बूथ अध्यक्ष, डॉ दूजराम साहू पूर्व सरपंच खट्टी, गजेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष खट्टी, भुनेश्वर राव भोसले, नंदू साहू, हीरालाल निषाद, रोशन यादव, प्रमोद ध्रुव, नंदकुमार, राम निषाद, कमलेश ध्रुवंशी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश फेसबुक से पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अनर्गल पोस्ट, एफआईआर की मांग : अंकित



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों भाजपा के अधिकृत फेसबुक पेज से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ उनकी फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी, जिसमें उनके हाथ में खून से भरी तलवार पकड़ी हुई दिखाया गया है। इसके खिलाफ सोमवार को बागबाहरा थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया है। अंकित ने बताया कि इस पोस्ट से किसानों के साथ साथ युवाओं में बहुत रोष है और सभी चाहते हैं कि इस पोस्ट के खिलाफ भाजपा सार्वजनिक माफी मांगे। इस दौरान पर मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा के साथ हीरा दास टंडन, मेघराज साहू, कृष्णा हरपाल, अभिषेक यादव, लखन बघेल, कृष्णा यादव, सरोज तांडी, शंभू साहू, वाजिद खान, युगल नायक, वर्जा यादव, राजा कोहली आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ मंत्रालय का घेराव आज, 23 शिक्षक संगठनों का साझा प्रदर्शन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक संघ के बैनर में प्रदेश के शिक्षक संवर्ग युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर मंत्रालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, सुधीर प्रधान, शोभा सिंहदेव, पूर्णानंद मिश्रा, केशव साहू, अर्चना तिवारी, सादराम अजय, लालजी साहू, विजय प्रधान, नंदकुमार साहू, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, प्रदीप वर्मा, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू ने कहा कि विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के कारण 2008 के सेटअप में वर्णित रिक्त पदों का विलोप किया जाना हठधर्मिता की पराकाष्ठा है। शिक्षकों के पद समाप्त कर देने से न तो पदोन्नति होगी और न ही नई नियुक्तियां होंगी। 2 शिक्षक प्राथमिक स्कूलों में और 3 शिक्षक मिडिल स्कूलों में रखें जाएंगे तो मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का क्या होगा? हायर सेकेंडरी में वाणिज्य के साथ साथ अन्य संकाय के भी सृजित पदों को खत्म करने से उन संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कौन पढ़ाएगा? इस प्रकार अनेक विसंगतियों से युक्तियुक्तकरण की नीति भरी हुई है, जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है तथा शिक्षाविद और शिक्षा जगत स्तब्ध है। विगत सात माह से विसंगतियों को दूर करने के लिए आग्रह, निवेदन, ज्ञापन, अनुनय विनय सब किया जा चुका है, पर युक्तियुक्तकरण नीति जस की तस बनी हुई है इसीलिए प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों ने छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक मंच बनाकर सड़क की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष ने जिला के समस्त शिक्षक संवर्ग से मंत्रालय घेराव में उपस्थित होने की अपील की है। उक्तशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।



## केवि में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश के समस्त केंद्रीय विद्यालयों में भाषाई एकता बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया हा रहा है। इसी कड़ी में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में संजय कंसल प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र कुमार चंद्राकर के संयोजन में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के पड़ोसी राज्य भगवान जगन्नाथ की धरती ओडिशा की मातृ भाषा उड़िया के बारे में विवेकानंद प्रधान स्नातकोत्तर शिक्षक गणित द्वारा उत्कल राज्य की स्थापना ओड़िया वर्णों सहित अन्य रोचक जानकारी बच्चों को प्रदान किया गया। प्राचार्य संजय कंसल ने कहा कि हिंदुस्तान की पहचान हमारी विविध भाषा, संस्कृति एवं सभ्यता है और सभी भाषा के बारे में जानने एवं समझने का सुनहरा अवसर भारतीय भाषा समर कैंप में मिलेगा। उन्होंने बच्चों से अपील की कि अन्य विद्यार्थियों को इस कैंप में जोड़े। ताकि हम उड़िया भाषा की खूबसूरती को बारीकी से समझ सके। प्रधान ने ओडिशा राज्य की स्थापना, उड़िया भाषा के 52 अक्षर के साथ लिपि की जानकारी विद्यार्थियों को देते हुए उड़िया संवाद से बच्चों का ध्यानाकर्षण किया। शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने संविधान में वर्णित 22 भाषाओं के बारे ने बताया। पीएमश्री केवि महासमुंद के 39 विद्यार्थियो ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर भाषा सीखने की दिशा में सार्थक कदम उठाया। इस अवसर पर सोहन लाल साहू एवं नारायण यादव विशेष रूप से कैंप में सहयोग प्रदान किया।

# भारत बनी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी ताजा डेटा में भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि लगातार देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकड़ों के अनुसार आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में भारत की अनुमानित ग्रोथ रेट 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहेगी, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है।

उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार ने 2017 में वस्तु एवं सेवा कर लागू किया, जिससे पूरे देश में एक समान कर व्यवस्था बनी। मेक इन इंडिया अभियान के तहत घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिला और विदेशी निवेश आकर्षित किया गया। स्टार्टअप इंडिया के जरिए नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया गया। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर सड़कें बनाई गईं और भारतमाला व सागरमाला जैसी योजनाएं शुरू की गईं। मेट्रो नेटवर्क भी देश के कई शहरों में तेजी से फैला। देश में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर देश को तकनीकी रूप से अग्रणीय करने का कार्य किया गया है। आज हमारा देश सैन्य ताकत में आगे बढ़ गया है। देश हरे क्षेत्र में विकास कर रहा है।

### लोककल्याणकारी योजनाओं की दी सौगात

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र की हमारी भाजपा सरकार ने कई लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश की जनता को दिया है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 9 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों लोगों को घर मिले और आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सीधे खातों में आर्थिक सहायता दी गई। सौभाग्य योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों में बिजली और सड़कें पहुंचीं। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया।

## जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून सत्र 2025 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 20 में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। तात्कालीन व्यवस्था के तहत माह जून एवं जुलाई के लिए तीन-तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष वर्षा समाप्ति की अवधि तक कार्यरत होगा। संलग्न कर्मचारी के अवकाश में रहने की स्थिति में उनके स्थान पर लिंक कर्मचारी कार्य संपादित करेंगे।



## पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

**नर्रा।** ग्राम उखरा समेत क्षेत्र में पति के लंबी आयु की कामना को लेकर सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख कर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और कच्चे धागे से रक्षा सूत्र बांध कर प्रसादी चढ़ाया। इस अवसर पर महिलाएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई शनि देव की जयंती

**महासमुंद।** इंदिरा नगर खरोरा के शनि देव मंदिर में भगवान शनि देव की जयंती मनाई गई। इस मौके शनि देव की विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। हितेंद्र महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में शनि जयंती पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन शनि देव की विधिवत पूजा करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार शनि जंयती इस साल 27 मई को मनाई गई। इस ही ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को न्याय का देवता कहते हैं अर्थात यह व्यक्ति के उसके कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं, जिन लोगों के कर्म अच्छे होते हैं उन्हें शनिदेव से डरने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होते है। मान्यताओं के अनुसार, कुछ लोगों ने शनि जयंती के दिन शनिदेव के लिए व्रत भी रखते हैं। इस दौरान गांव खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर,रामा, लता, चंद्रिका, नारायण, पवन, सीता, पार्वती, रुकमणी, सरिता, नरेश ,संजय, उमा, पन्ना लाल, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 2 जून से

**महासमुंद।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को देखते हुए एवं उज्वल भविष्य की संरचना के लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप 2 से 8 जून 2025 तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित की जाएगी। शिविर का समय प्रातः 8 से 10 बजे तक रखा गया है। कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस समर कैंप का निशुल्क लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने बताया कि इस कैंप के मुख्य आकर्षण जैसे जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आकर्षक उपहार बच्चों को दी जाएगी।

### प्रथम सेमेस्टर के लिए आनलाइन आवेदन की हुई शुरुआत

**महासमुंद।** शैक्षणिक शास्त्र 2025-26 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के एनईपी प्रभारी तरूण कुमार बांधे ने बताया कि 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से आवेदन किए जा रहे हैं। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बी कॉम प्रथम सेमेस्टर 90 सीटें, बीएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें है।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में महामाया तालाब एवं मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत तालाब में फैली जलकुंभियों को हटाकर जल प्रदूषण में कमी लाने के साथ-साथ तालाब की जैव विविधता को भी संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाया गया। इसके अतिरिक्त, मंदिर परिसर में सफाई कार्य कर श्रद्धालुओं के लिए एक स्वच्छ और शांत वातावरण सुनिश्चित किया गया।

## नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में चलाया गया विशेष अभियान




### स्वच्छता दीदी ने निभाई अहम भूमिका

इस विशेष सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी सफाई कार्य में सहभागी बने उनके साथ पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में वार्ड वासी नागरिक शामिल हुए। नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ कार्य करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अभियान के उपरांत कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि नागरिकों में स्थायी रूप से स्वच्छता की आदत विकसित करना है। देवी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान विभूतियों की जयंती को इस तरह सेवा से जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है।

**जनभागीदारी बनी अभियान की ताकत :** इस पहल में नगरवासियों ने भी अपने-अपने स्तर पर सहयोग प्रदान किया। कई स्थानीय नागरिकों ने अपने वार्डों में स्वेच्छा से साफ-सफाई की और दूसरों को भी प्रेरित किया। इस प्रकार यह अभियान प्रशासन, युवाओं और आम जनता के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बना। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद ईश्वरी भोई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, नीतू प्रधान, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मिशन मैनेजर दीपक तिवारी, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल सहित नपा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय सीमा की बैठक

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारी की बैठक में समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में

- विकसित कृषि संकल्प यात्रा 29 मई से होगी प्रारंभ, वर्षा ऋतु के मद्देनजर सतर्कता बरतने के दिए निर्देश



समय-सीमा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों के अतिशीघ्र निराकरण के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारीगण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, तालाबों एवं माइनिंग क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग ने बताया कि इस वर्ष 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं, जिनमें से 2 लाख पौधे नर्सरियों में उपलब्ध हैं। अभियान में अंतर्विभागीय समन्वय एवं नागरिक सहभागिता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवासों के आसपास भी पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही, पौधा वितरण के लिए टोलफ्री नंबर और केंद्रों की सूची जारी करने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में विकसित कृषि संकल्प यात्रा की तैयारी पर भी चर्चा हुई। यह यात्रा 29 मई से आरंभ होगी। कलेक्टर लंगेह ने इसके प्रचार-प्रसार के लिए दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। किसानों से प्राप्त सुझावों का संकलन किया जाएगा। विशेष रूप से मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और धान की फसल के स्थान पर नकदी फसलों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।

सफल किसानों के अनुभवों को साझा करने की योजना भी बनाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के अंतर्गत सभी जनपदों को कम से कम 25 जल संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव देने को कहा गया है। बसना और सरायपाली जनपदों को इससे अधिक प्रस्ताव देने की अनुमति दी गई है। खुले बोरवेल को तत्काल बंद करने के लिए पीएचई विभाग को निर्देश दिए गए हैं, विशेषकर स्कूलों, आंगनबाड़ी और खेतों के समीप के बोरवेलों को प्राथमिकता दी जाए।

### आकाशीय बिजली से सतर्क रहने के लिए दामिनी ऐप के उपयोग की दी गई सलाह

कलेक्टर ने आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए आकाशीय बिजली से सतर्क रहने के लिए दामिनी ऐप के उपयोग की सलाह दी गई। पीएचई विभाग को पेयजल टंकियों में क्लोरिनेशन और स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा पाइप लाइन में किसी भी प्रकार की लीकेज न हो, इसका प्रमाण पत्र जमा करने को कहा गया। साथ ही कलेक्टर ने राजस्व विभाग, स्वामित्व योजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समीक्षा की गई। साथ ही आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने के निर्देश दिए गए। आबकारी और पुलिस विभाग को अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई के निर्देश दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों से सतर्क रहने के लिए अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। सभी सीएमओ को नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और साफ-सफाई का कार्य तेज़ करने को कहा गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। पीएम जनमन योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 124 व्यक्तियों के आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने हैं, जिन्हें जल्द से जल्द बनवाया जाएगा।

# महिला राजमिस्त्री प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले के बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत कोमाखान में महिला राजमिस्त्री प्रशिक्षण हुआ। जिसमें 14 महिलाएं प्रशिक्षण में भागीदारी बनी और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर प्रवासी मजदूरों के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत कोमाखान में महिला राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 14 महिलाओं ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण 9 दिनों तक चला, जिसे कुशल प्रशिक्षक किशुन पाटले द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दक्ष बनाना और निर्माण कार्यों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर प्रयोग समाज सेवी संस्था के सचिव अरुण कोशरिया, देवेंद्र कुमार, जिला समन्वयक देवंतीन ठाकुर और सुमन साहू की उपस्थिति रही। साथ ही ग्राम पंचायत कोमाखान की सरपंच जवा बाई ठाकुर, राधा कृष्ण मंदिर समिति से अध्यक्ष अनुषा, सचिव राहुल, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव तथा गिरजा देवांगन, रूखमणि देवांगन, यामिनी साहू भी उपस्थित रही। इस अवसर अतिथियों द्वारा पर सभी महिलाओं को राजमिस्त्री किट वितरित की गई और आत्मनिर्भरता पर चर्चा करते हुए उन्हें प्रेरित किया गया। महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ये भी कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़कर समाज में उनकी भूमिका को भी मजबूत कर रही है।

# नपाध्यक्ष निखिलकांत ने बोरवेल का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर स्थानीय सुभाष नगर वार्ड 23 एवं 24 के मध्य सरस्वती राइस मिल के समीप विगत 8 वर्षों से बंद पड़े बोरवेल की सफाई कराकर उसमें मोटर लगाया गया। पंप लगने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर नपाध्यक्ष साहू ने बोर पंप की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि कई दिनों से क्षेत्र के नागरिक उक्त बोर को शुरू करने की मांग कर रहे थे। पानी की समस्या को देखते हुए नपाध्यक्ष साहू ने बोर में मोटर लगाने के निदेश अधिकारियों को दिए थे। नपाध्यक्ष के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बोर मशीन लगाया गया। साहू ने कहा कि उनका प्रयास शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का है। नगर में कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न ना हो इस पर योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। बोर के शुभारंभ अवसर पर वार्ड पार्षद भारती राजू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पद पर उंगली उठाते हैं, वह खुद अपने आप के गिरेबान में झांक कर देखें। पंडित नेहरू को गाली देना आज के भाजपा नेताओं के लिए बहुत आसान है। परंतु, उन जैसा बनना नामुमकिन है, जिन्होंने आजादी के पूर्व आजादी के पश्चात सिर्फ भारत को मजबूत करने का सपना देखा। आज भारत जिस स्थिति में है, उसका नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। आज जो बड़े-बड़े बांध सिंचाई के लिए बने हैं, बड़े-बड़े वैज्ञानिक विश्व विख्यात इंजीनियर डॉक्टर जिसके विदेशों में डंका बजती हैं उस व्यक्ति को उस लायक बनाने का कार्य जो संस्था ने की है वो सब पंडित नेहरू द्वारा निर्मित संस्थानों के द्वारा ही संभव हो पाया है। नेहरू के बनाए आईआईटी, एम्स, भारत के नवरत्न उद्योग कंपनी का निर्माण करने वाले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ही थे, जिनके कारण भारत आज विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित हो पाया है। वो पंडित नेहरू ही थे, जिन्होंने 1952 में संविधान निर्माण करने करवाने का निर्णय लिया। जिसमें डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत को लिखित सबसे बड़ा संविधान प्रदान किया। आज भारत का नाम विश्व में जिस अदब से लिया जाता है उसका कारण है नेहरू द्वारा मजबूत नींव स्थापित करना। ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्ति दानवीर, सुशिक्षित प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मना रहे हैं।




इस अवसर पर डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री पिछड़ा वर्ग, भारत ठाकुर अधिवक्ता, ब्रिजेन बंजारे पूर्व सरपंच, ईशा टंडन, वरिष्ठ कांग्रेसी दीपक सिन्हा, मिंदर चावला, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, सन्नी महानंद, आकाश निषाद, भानु सोनी, दुर्गेश कन्नौजे, सुशील कुमार जोशी एवं अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।



### पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का रखा व्रत, महिलाओं ने की बरगद वृक्ष की पूजा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर नगर की महिलाओं ने परंपरा और श्रद्धा के साथ अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करते हुए व्रत रखा और बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता सावित्री ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति के प्राण वापस प्राप्त किए थे। उसी परंपरा को निभाते हुए विवाहित महिलाएं यह व्रत रखती हैं। महिलाओं ने विधि-विधान से वट वृक्ष की परिक्रमा की और कथा श्रवण कर व्रत का पालन किया। इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने कहा कि यह व्रत न केवल पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाता है, बल्कि यह आत्मिक शांति और पारिवारिक सुख-शांति का प्रतीक भी है। ज्योति ने बताया कि जब मैं ससुराल आई तो मेरी सास यह व्रत करती थीं, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मैंने भी इसे करना शुरू किया। इससे आत्मसंतोष मिलता है। सीमा गुप्ता ने कहा कि वट सावित्री व्रत पति के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। साथ ही यह व्रत हमारी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का जरिया भी है। महिलाओं का मानना है कि व्रत-त्योहार न सिर्फ धर्म और आस्था से जुड़े हैं, बल्कि यह समाज और परिवार को भी जोड़ने का कार्य करते हैं। वट वृक्ष की पूजा के पीछे यह मान्यता भी है कि इसमें त्रिदेव-ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्योति, सीमा गुप्ता, लक्ष्मीरानी यादव, अंजलि गोस्वामी, सरस्वती यादव, डिकेश्वरी यदु, ममता गोस्वामी, सुलोचना यादव, उषा सोनी, ललिता यादव और मीना यादव उपस्थित रहीं। सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर अपने पतियों की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

# गुणात्मक शिक्षा में संकुल समन्वयकों का महत्वपूर्ण कार्यः डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद के सभागार में महासमुंद विकासखंड के समस्त प्राचार्यगण एवं संकुल समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी संपा बोस, बीईओ लीलाधर सिन्हा, एबीईओ हिना ढालेन एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव विद्यालय स्तर पर तैयार होती है, जिसमें संकुल समन्वयकों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रारंभ होते ही अध्यापन कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ होना चाहिए तथा शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से प्रथम दिवस से ही शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था एवं पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की समय पर पूर्ति करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर वांछित लक्ष्य को प्राप्त करना नेतृत्वकर्ता का महत्वपूर्ण गुण है, यह गुण प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों में होना चाहिए।

डीएमसी रेखराज शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इको क्लब के गठन एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए 5 जून से 9 सितंबर तक पौधरोपण कार्यक्रम को विद्यालयों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से वृहद स्तर पर संचालित करने की अपील की। विद्यालयों को प्रदत्त अनुदान राशि के उपयोग के लिए वर्क प्लान तैयार करने एवं पारदर्शी खर्च की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने अपार आईडी ,जाति प्रमाण पत्र की प्रगति की समीक्षा करते हुए पाठ्यपुस्तक वितरण की विशेष कार्ययोजना के अंतर्गत पूर्ण वितरण करने के निर्देश दिए।



डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर ने सितंबर माह में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाली साक्षरता परीक्षा के लिए आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करने का आह्वान किया। एपीसी सम्पा बोस ने सभी शालाओं में इको क्लब गठन और मिशन लाइफ के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने की बात कही। बैठक के समस्त कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा एवं आभार व्यक्त हिना ढालेन द्वारा किया गया।

बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आगामी सत्र के लिए नव संकल्पों के साथ शिक्षण प्रक्रिया में नवाचार एवं सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यालय सेजेस तुमगांव, पटेवा, हायर सेकेंडरी बनपचरी, हाई स्कूल परसदा ख, डूमरपाली, लोहारडीह, पिरदा के प्राचार्य को सम्मानित किया गया।

